01/06/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत दौरे पर आए म्यांमा के राष्ट्रपति ऊ मिन आऊं लाइन ने आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। दोनों नेताओं ने व्यापार और आर्थिक सहयोग, रक्षा एवं सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहायता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा क्षेत्रीय परिस्थितियों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वार्ता के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि दोनों देशों ने विशेष रूप से व्यापार एवं निवेश, विकास सहयोग, स्वास्थ्य, शिक्षा और ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने में रुचि व्यक्त की।

0000000000000000000000000

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि यानी पीएम स्वनिधि योजना के आज छह वर्ष पूरे हो गए। इस योजना ने पिछले छह वर्षों में लाखों रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को आसान ऋण उपलब्ध कराने और स्थायी आजीविका बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्ष 2020 में शुरू की गई इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ बारह लाख से अधिक ऋण वितरित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में योजना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि ने बिना

गारंटी वाले ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराकर असंख्य स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज जारबोम गामलिन गवर्मेंट लॉ कॉलेज के छात्रों के साथ मुलाकात कर संस्थान से जुड़े बुनियादी ढांचे, मानव संसाधन आवश्यकताओं तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। छात्रों ने अपने सुझाव और चिंताएं साझा कीं तथा कॉलेज को और सशक्त बनाने एवं छात्र समुदाय के लिए सुविधाओं में सुधार के उपायों पर चर्चा की। बाद में मुख्यमंत्री ने कालाकताङ विधायक शेतेन चोम्बे के साथ कालाकताङ सोपा परिषद की बैठक में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोपा परिषद जैसी पारंपरिक संस्थाएं सामुदायिक विश्वास और सांस्कृतिक विरासत की आधारशिला हैं।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने नामसाई के बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन में आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं (सत्र 2025-26) के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों पर बधाई दी और उनकी लगन, कड़ी मेहनत तथा दृढ़ता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले कुछ वर्षों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र

में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बेहतर शैक्षणिक अवसंरचना, शिक्षण संस्थानों तक बढ़ी पहुंच तथा उच्च शिक्षा के विस्तारित अवसरों ने विद्यार्थियों के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाने, समर्पण के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर सीखते हुए एकाग्र रहने और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने नामसाई स्थित UPSC कोचिंग केंद्र में ताई ओहोम समुदाय के पांच विद्यार्थियों की निःशुल्क कोचिंग का प्रायोजन करने की घोषणा भी की।

0000000000000000000000000

अपर सियांग उपायुक्त तालो जेराङ ने आज यिङकियोङ स्थित उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में एक शोक सभा आयोजित कर दिवंगत उप-मंडल अधिकारी, यिङकियोङ, तोनी मितकोङ को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिनका शनिवार को निधन हो हुआ। उपायुक्त ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनके असामयिक निधन से अत्यंत व्यथित है। उपायुक्त ने कहा कि दिवंगत एक ईमानदार और समर्पित अधिकारी थे, जिनका जनसेवा में योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उपायुक्त ने शोक संतप्त परिवार के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त की।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के चौदह ज़िलों पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, कामले, सियाङ, अपर सियाङ, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, शी योमी, लोहित, नामसाई, चाङलाङ, तोराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा मौजूदा पेन-पेपर मोड के बजाय कंप्यूटर आधारित परीक्षा यानी सीबीटी मोड में कराने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि पुनर्परीक्षा को सीबीटी मोड में कराने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता, क्योंकि परीक्षा रद्द होने के बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी NTA पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रही है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई सत्ताइस जुलाई को निर्धारित की है।

0000000000000000000000000

दस राज्यों की राज्यसभा की चौबीस सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव की अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक की चार-चार सीटों, राजस्थान और मध्य प्रदेश की तीन-तीन सीटों, झारखंड की दो सीटों तथा अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर,

मेघालय और मिजोरम की एक-एक सीट के लिए इस महीने की अट्ठारह तारीख को मतदान एवं मतों की गिनती भी की जाएगी।

0000000000000000000000000

बाइसवीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने हांगकांग में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया है। भारतीय दल ने कुल उन्नीस पदक जीते, जिनमें दस स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय दल को बधाई दी है।

0000000000000000000000000